सीएसआईआर वेबसाइट के माध्यम से

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001.**

No. 3-2(g)/2026-E.I(RC) [Comp. No.328175]    दिनांक: 23.09.2026

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: **वरिष्ठ आशुलिपिक के पद के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के स्वरूप, पद्धति और पाठ्यक्रम की समीक्षा के संबंध में।**

सीएसआईआर-प्रशासनिक सेवा भर्ती और पदोन्नति नियम 2020 के पार्ट III के सेक्शन II के नियम 5 में संशोधन के बाद, वरिष्ठ आशुलिपिक के पद के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (एलडीसीई), अब सीएसआईआर द्वारा केंद्रीकृत तरीके से आयोजित की जाएगी। इस बदलाव की जानकारी पहले सीएसआईआर का. ज्ञा. संख्या 5-1(211)/2014-PD दिनांक 17.11.2025 के द्वारा दी गई थी।

तदनुसार, महानिदेशक, सीएसआईआर ने वरिष्ठ आशुलिपिक के पद के लिए एलडीसीई के मौजूदा स्वरूप, पद्धति और पाठ्यक्रम जोकि सीएसआईआर के पत्र संख्या 5-1(211)/2014-PD दिनांक 01.12.2022 के द्वारा अधिसूचित की गई थी, की समीक्षा की है।

सीएसआईआर के पत्र संख्या 5-1(211)/2014-PD दिनांक 01.12.2022 के अधिक्रमण में, यह सूचित किया जाता है कि सहायक अनुभाग अधिकारी (सामान्य/वित्त एवं लेखा/भंडार एवं क्रय) [पहले सहायक ग्रेड-I (सामान्य/ वित्त एवं लेखा/भंडार एवं क्रय)] के पदों के लिए एलडीसीई हेतु निर्धारित स्वरूप, पद्धति और पाठ्यक्रम जोकि सीएसआईआर के का. ज्ञा. संख्या 3-2(g)/2014-E.I दिनांक 29.08.2014 द्वारा अधिसूचित किया गया था, वही वरिष्ठ आशुलिपिक के पद के लिए एलडीसीई पर भी लागू होगा।

इसके अलावा, वरिष्ठ आशुलिपिक के पद के लिए परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों को मौजूदा नियम के अनुसार, अंग्रेज़ी या हिंदी में 100 शब्द प्रति मिनट की गति से स्टेनोग्राफी/शॉर्टहैंड टेस्ट में शामिल होना होगा और उसे पास करना होगा।

(सुरेंद्र कुमार)
वरिष्ठ उप सचिव

प्रतिलिपि:-

1. सभी सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/संस्थानों के निदेशक।
2. एचआरडीजी/एचआरडीसी /आईपीयू/यूआरडीआईपी/टीकेडीएल के प्रमुख।
3. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय।
4. संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर का कार्यालय।
5. आई टी प्रभाग, सीएसआईआर-----सीएसआईआर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित
6. कार्यालय प्रति।